Need to set up FM Radio Stations in Latur, Maharashtra - laid

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे (लातूर): 2018 में लोक सभा में लिखित प्रश्न के उत्तर में बताया गया था कि लातूर में 4 एफ एम चैनल स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है। लगभग 3 साल पहले मुझे फिर सूचित किया गया कि एफ एम रेडियो फेज 3 के तहत लातूर में चार एफ एम रेडियो चैनल की नीलामी होने वाली है। परन्तु जनवरी 2020 में सरकार ने घोषणा की कि महाराष्ट्र के 8 शहरों सहित देश के 100 शहरों में एफ एम स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। परन्तु इन 8 शहरों में लातूर का नाम तक नहीं था। पांच वर्ष से किए जा रहे मेरे प्रयास अब पूरी तरह उस समय शून्य हो गए जब माननीय मंत्री जी ने अपने 28 जून 2023 के पत्र द्वारा मुझे सूचित किया कि लातूर में एफ एम स्टेशन स्थापित किए जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। हाल ही में राष्ट्रीय प्रसारण दिवस के अवसर पर सरकार ने घोषणा की है कि देश के 284 शहरों में 808 एफ एम चैनल स्थापित किए जाने की योजना है। मेरा सरकार से पुन: अनुरोध है कि लातूर के निवासियों की लम्बे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए लातूर में कम से कम 4 एफ एम रेडियो चैनलों की स्थापना कर उन पर शीघ्रातिशीघ्र प्रसारण शुरू करवाने का कष्ट किया जाए।